1-Prime Minister Narendra Modi inaugurated and laid foundation stone of 22 developmental projects worth over 870 crore rupees in Varanasi.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में 870 करोड रूपये से अधिक की 22 विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ किया और आधारशिला रखी।

2-The World Bank has approved $500 million that will benefit more than 12 million children in pre-primary and primary education in Tanzania's mainland.

विश्व बैंक ने 50 करोड़ डॉलर की मंजूरी दी है, जिससे तंजानिया की मुख्य भूमि में पूर्व-प्राथमिक और प्राथमिक शिक्षा में 1.2 करोड़ से अधिक बच्चों को लाभ होगा।

3-South Korea has became the 10th country outside of Europe to join the European Union (EU) law enforcement cooperation agency that fights terrorism and other international crimes.

दक्षिण कोरिया यूरोप के बाहर आतंकवाद और अन्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों से लड़ने वाली यूरोपीय संघ कानून प्रवर्तन सहयोग एजेंसी में शामिल होने वाला 10वां देश बन गया है।

4-A rabbit mascot named Neeraj, in honour of Neeraj Chopra, the first Indian athlete to win an Olympic gold medal, will be the symbol for the first ever 'Kerala Olympic Games', slated to be held in February 2022.

ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा के सम्मान में पहले 'केरल ओलंपिक खेलों' के शुभंकर का नाम 'नीरज' रखा गया है जो एक खरगोश है, इन खेलों का आयोजन फरवरी 2022 में होगा।

5-India's leading player and world number 15 Saurav Ghosal was named as the Professional Squash Association's (PSA) men's president, replacing world number one Ali Farag.

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी भारत के सौरव घोषाल को पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) का पुरुषों का अध्यक्ष चुना गया। वह दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अली फराग की जगह लेंगे।

6-Adding 33 "unicorns" in a single year has helped India displace the United Kingdom to be third in the list of countries that are home to such enterprises valued at over $1 billion each, according to the data compiled by Hurun Research Institute.

हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक साल के भीतर एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली **33** स्टार्टअप कंपनियों को 'यूनिकॉर्न' का दर्जा मिला है। इसके साथ ही भारत ने यूनिकॉर्न की सूची में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है।

7-Pharmaceuticals firm Granules India Limited announced appointment of Sucharita Rao Palepu as non-executive Independent Director on its board with immediate effect.

दवा कंपनी ग्रेन्यूल्स इंडिया लिमिटेड ने सुचित्रा राव पालेपू को अपने निदेशक मंडल में तत्काल प्रभाव से गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक बनाने की घोषणा की।

8-Private sector IFFCO-TOKIO General Insurance said it has appointed H O Suri as new managing director and Chief Executive Officer.

निजी क्षेत्र के इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस ने बुधवार को कहा कि उसने एच ओ सूरी को नया प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया है।

9-China has issued a new regulation under which all foreign organisations or individuals will be banned from spreading religious content online in the country, citing national security interests.

चीन ने एक नया नियम जारी किया है जिसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा हितों का हवाला देते हुए सभी विदेशी संगठनों या व्यक्तियों को देश में धार्मिक सामग्री का ऑनलाइन प्रचार करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

10-Defence Research and Development Organisation (DRDO) successfully conducted maiden flight test of indigenously developed surface-to-surface missile 'Pralay', from Dr A P J Abdul Kalam Island off the coast of Odisha.

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के तट पर डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम द्वीप से स्वदेशी रूप से विकसित सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल 'प्रलय' का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया।